Topic: Puzzles and Blood Relation
Time: 10min

Paper-Maker Monika Awasthi

Directions (1-5): **निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिये और नीचे दिए गये प्रश्नों के उत्तर दीजिये.**
आठ मित्र L, M, N, O, A, B, C और D एक सीधी रेखा में बैठे हैं, लेकिन आवश्यक नहीं कि इसी क्रम में हों. उनमें से कुछ उत्तर की ओर और कुछ दक्षिण की ओर उन्मुख हैं. A उस व्यक्ति का निकटतम पडोसी है जो पंक्ति के अंतिम छोर पर बैठा है. A और C के मध्य केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं. O, C के दायें से दूसरे स्थान पर बैठा है. O पंक्ति के अंतिम छोर पर नहीं बैठा है. D, L के ठीक बाएं बैठा है. D, C का निकटतम पडोसी नहीं है. L का निकटम पडोसी विपरीत दिशा की ओर उन्मुख है. वे व्यक्ति जो अंतिम छोरो पर बैठे हैं वे विपरीत दिशा की ओर उन्मुख हैं. M, B के बाएं से दूसरे स्थान पर बैठा है. B उत्तर की ओर उन्मुख है. B, A का निकटतम पडोसी नहीं है. B के निकटतम पडोसी समान दिशा की ओर उन्मुख है. A और M दोनों O के विपरीत दिशा की ओर उन्मुख हैं.

Q1. **दी गई व्यवस्था के अनुसार, L के सन्दर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सत्य नहीं है?**
(a) L दक्षिण की ओर उन्मुख है.
(b) L, M के दायें से चौथे स्थान पर है.
(c) L, A के बाएं से दूसरे स्थान पर है.
(d) L, C और D के मध्य है.
(e) इनमें से कोई नहीं
L1Difficulty 1
QTags Linear seating arrangement

Q2. **M के बायीं ओर कितने व्यक्ति बैठे हैं?**
(a) एक
(b) दो
(c) तीन
(d) चार
(e) इनमें से कोई नहीं
L1Difficulty 1
QTags Linear seating arrangement

Q3. **L के संदर्भ में O का स्थान क्या है?**
(a) ठीक बाएं
(b) बाएं से तीसरा
(c) दायें से तीसरा
(d) बाएं से चौथा
(e) इनमें से कोई नहीं
L1Difficulty 1

QTags Linear seating arrangement

Q4. **निम्नलिखित में से कौन M के निकटतम पडोसी हैं?**
(a) A, O
(b) A, B
(c) C, B
(d) N, O
(e) इनमें से कोई नहीं
L1Difficulty 1
QTags Linear seating arrangement

Q5. **निम्नलिखित पांच में से चार एक निश्चित रूप से एक जैसे हैं और एक समूह का निर्माण करते हैं, इनमें से कौन सा इस समूह से संबंधित नहीं है?**
(a) N
(b) O
(c) L
(d) B
(e)C
L1Difficulty 1
QTags Linear seating arrangement

Direction (6-10): **निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिये और नीचे दिए गये प्रश्नों के उत्तर दीजिये:**

सात डिब्बे A, B, C, D, E, F और G एक स्टैक में एक के ऊपर एक के क्रम में रखे जाते हैं (लेकिन आवश्यक नहीं कि इसी क्रम में हों) और वे सभी विभिन्न रंगों अर्थात नीला, काला, हरा, गुलाबी, पीला, बैंगनी और सफेद के हैं. हरा डिब्बा, G के ठीक ऊपर है. डिब्बे A और सफ़ेद डिब्बे के मध्य चार से अधिक डिब्बे हैं. डिब्बा B काले रंग का है और डिब्बे F के ठीक ऊपर रखा गया है. F और C के मध्य केवल एक डिब्बा रखा गया है. E सफ़ेद रंग का नहीं है. नीले डिब्बे और G के मध्य केवल तीन डिब्बे रखे गए हैं. बैंगनी डिब्बा, गुलाबी डिब्बे के ठीक ऊपर है. डिब्बा E गुलाबी रंग का नहीं है. G और A के मध्य केवल तीन डिब्बे हैं. पीला डिब्बा F नहीं है.

Q6. **निम्नलिखित में से कौन सा डिब्बा सफ़ेद है?**
(a) C
(b) D
(c) A
(d) B
(e) इनमें से कोई नहीं
L1Difficulty 1
QTags box based puzzle

Q7. **डिब्बा F का रंग क्या है?**
(a) नीला
(b) बैंगनी

(c) पीला
(d) हरा
(e) इनमें से कोई नहीं
L1Difficulty 1
QTags box based puzzle

Q8. नीले डिब्बे और बैंगनी डिब्बे के मध्य कितने डिब्बे रखे गए हैं?
(a) चार
(b) एक
(c) दो
(d) तीन
(e) कोई नहीं
L1Difficulty 1
QTags box based puzzle

Q9. निम्नलिखित में से कौन-सा डिब्बा सफ़ेद डिब्बे के ठीक ऊपर है?
(a) F
(b) गुलाबी डिब्बा
(c) A
(d) पीला डिब्बा
(e) इनमें से कोई नहीं
L1Difficulty 1
QTags box based puzzle

Q10. डिब्बा B का रंग क्या है?
(a) बैंगनी
(b) गुलाबी
(c) काला
(d) हरा
(e) इनमें से कोई नहीं
L1Difficulty 1
QTags box based puzzle

Direction (11-13): निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिये और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिये:
एक परिवार में आठ सदस्य हैं, जिसमें दो विवाहित युगल हैं. इस परिवार में तीन पीढियां हैं और इसमें केवल तीन महिलाएं हैं. A, G का ग्रैंडफादर है G जो H का नेफ्यू है. C, E का ब्रदर इन लॉ है, E जो अविवाहित है. F, D का पिता है. B, H की माँ है, H जो D की सिस्टर-इन-लॉ है. H अविवाहित है. A की केवल एक पुत्री है.

Q11. निम्नलिखित में से कौन D का पति है?
(a) A
(b) E

(c) C
(d) G
(e) इनमें से कोई नहीं
L1Difficulty 2
QTags Blood Relation

Q12. निम्नलिखित में से कौन E का नेफ्यू है?
(a) D
(b) B
(c) A
(d) G
(e) इनमें से कोई नहीं
L1Difficulty 2
QTags Blood Relation

Q13. यदि R, F की पत्नी है, तो C, R से किस प्रकार संबंधित है?
(a) माँ
(b) दामाद
(c) सिस्टर-इन-लॉ
(d) पुत्रवधू
(e) इनमें से कोई नहीं
L1Difficulty 2
QTags Blood Relation

Directions (14-15): दी गयी जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिये और नीचे दिए गये प्रश्नों के उत्तर दीजिये :
एक परिवार में सात सदस्य A, B, C, D, E, F और G हैं. A की 2 संतान F और Eहैं,E, जो D से विवाहित है.D , G का पिता है. B, F की माता है.C, B का ब्रदर इन लॉ है.

Q14. F, C से किस प्रकार सम्बन्धित है?
(a)नेफ्यू

(b)पुत्री

(c)पुत्र

(d)नीस

(e) निर्धारित नहीं किया जा सकता

L1Difficulty 1
QTags Blood Relation

Q15. A, D से किस प्रकार सम्बंधित हैं?

(a) पत्नी

(b) पति


(c) सास

(d) ससुर

(e) इनमें से कोई नहीं

L1Difficulty 1
QTags Blood Relation

Solutions
**Solutions (1-5):**
**Sol.**




S1. Ans. (c)
S2. Ans. (b)
S3. Ans. (c)
S4. Ans. (a)
S5. Ans. (d)


**Solutions (6-10):**
**Sol.**

| **Boxes** | **Colours** |
|---|---|
| A | Blue |
| E | Yellow |
| B | Black |
| F | Green |
| G | Purple |
| C | Pink |
| D | White |

S6. Ans. (b)
S7. Ans. (d)
S8. Ans. (d)
S9. Ans. (b)


S10. Ans. (c)

**Solutions (11-13):**
**Sol.**




S11. Ans. (c)
S12. Ans. (d)
S13. Ans. (b)

**Solutions (14-15):**
**Sol.**




S14. Ans. (e)
S15. Ans. (d)